an>

Title: Regarding renovation of ancient temples in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): बिहार के औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड ईलाकाल में निर्मित एक प्राचीन सूर्य मंदिर की स्थापना की गई थी, जो वर्तमान जर्जर स्थिति में है और इस स्थान पर श्रद्धालुओं / तीर्थ यात्रियों के लिए मूलभू सुविधाओं का अभाव है I इस पवित्र स्थल पर वर्ष में दो बार छठ महापर्व क आयोजन किया जाता है और इस अवसर पर करीब 25 लाख श्रद्धालु देश के विभि क्षेत्रों से आते है I इस पवित्र तीर्थ स्थल पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कार तीर्थ यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है I मंदिर के क शिलालेख खिसक गए है और कई खिसकने के कगार पर है I इस मंदिर तक जा वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है I पेयजल, स्नानागार, शौचालय, यात्री निवास सड़क और सफाई की व्यवस्था प्रयाप्त नही है I इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र गया और औरंगाबाद जिला के कोचेश्वरनाथ मंदिर, बैजुधाम, बाँकेधाम, केशपाधाम उमगेश्वरीमातामंदिर, गजनाधाम, दूधेश्वरनाथ मंदिर, सत्यचंडी माता मंदिर की स्थि जर्जर है I मेरा आग्रह है कि जनहित में सूर्य मंदिर देव सहित उपर्युक्त वर्णित मंदि के लिए सड़क, पेयजल, स्नानागार, प्रसाधन यात्री निवास और सफाई की विशे व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए इन मंदिरों का मरम्मतीकरण और आधुनिकीकरण क व्यवस्था की जाये I साथ ही साथ इन मंदिरों का उन्नयन विकास और संरक्षण केन् सरकार के विभागों द्वारा की जाये I